भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 768 का उत्तर

बेंगलुरु में उपनगरीय रेल

768. श्री पी.सी. मोहन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बेंगलुरु में उपनगरीय रेल विकास की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा अब तक जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को उपनगरीय रेल के चरण-2 के संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

बेंगलुरु में उपनगरीय रेल के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री पी.सी. मोहन के अतारांकित प्रश्न सं. 768 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनी कर्नाटक रेल अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (के-राइड) (51% इक्विटी) बेंगलूरू उपनगरीय रेल परियोजना (बीएसआरपी) का निष्पादन कर रही है। अक्टूबर, 2020 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना (148.17 किलोमीटर) को मंजूरी दी गई है।

बेंगलुरू उपनगरीय रेल परियोजना में चार कॉरिडोर हैं, अर्थात कॉरिडोर-1: केएसआर बेंगलुरु सिटी - देवनहल्ली (41.4 किलोमीटर), कॉरिडोर-2: बायपनहल्ली - चीक्कबाणावार (25.01 किलोमीटर), कॉरिडोर-3: केंगेरी - व्हाइटफ़ील्ड (35.52 किलोमीटर) और कॉरिडोर-4: हीललिगे-राजानुकुंटे (46.25 किलोमीटर)। कॉरीडोर 2 और 4 के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। कॉरीडोर-2 के लिए निविदा दे दी गई है और निर्माण कार्य प्रगति पर है। कॉरीडोर-4 के लिए निविदा हाल ही में प्रदान की गई है और संसाधन जुटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कॉरीडोर 1 और 3 के लिए सर्वेक्षण कार्य और भू-तकनीकी जांच पूरी कर ली गई है।

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 1165.42 करोड़ रुपये की निधि जारी की गई है (कर्नाटक सरकार - 665.42 करोड़ रुपये और रेल मंत्रालय - 500 करोड़ रुपये और परियोजना के लिए 157 एकड़ रेलवे भूमि)।

रेलवे ने बेंगलुरु के सेटेलाइट कस्बों के यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं (742 किलोमीटर) के अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण (एफएलएस) को पहले ही मंजूरी दे दी है -

- **i. बेंगलुरु शहर के आसपास निदवांडा-दोडबल्लापुर - देवनहल्ली - मालूर - हीललिगे - हेज्जाला - सोलूर - निडवन्दा को जोड़ने वाला नई दोहरी लाइन सर्कुलर रेल नेटवर्क (287 किमी) ।**
- **ii. बेंगलुरु - तुमकुरु (70 किमी) के बीच चौहरीकरण**
- **iii. चीक्कबाणावार-हसन (180 किमी) के बीच दोहरीकरण**
- **iv. बेंगलुरु - मैसूर (135 किमी) के बीच चौहरीकरण**
- **v. बंगारपेट-जोलारपेट्टै (70 किमी) के बीच चौहरीकरण**

****

s.k